nt>

Title: Urged the Government to open more cooking (LPG) gas agencies in Bhojpur, Shahabad district, Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पेट्रोलियम मिनिस्टर का ध्यान अपने क्षेत्र शाहबाद जिले के भोजपुर में रसोई गैस की काफी कमी की तरफ खींचना चाहता हूं। मैंने पिछली बार भी सदन में इस सवाल को उठाया था, लेकिन यह सरकार इस तरफ बिलकुल ध्यान नहीं देती है। यह सरकार कहती है कि इसे फ्री कर दो और सब को दे दो। मुसीबत यह है कि वहां एक ही वितरक है, जिसके पास 31000 उपभोक्ता हैं। उन्हें महीनों इंतजार करना पड़ता है, लेकिन फिर भी रसोई गैस नहीं मिलती है। इस वजह से वहां ब्लैक मार्केटिंग होती है। सुनने में तो यह भी आता है कि वहां का दुकानदार कहता है कि मैंने तो विभागीय लोगों को अपनी तरफ कर लिया है।

आप लाख चिल्लाते रहें यहां कोई दूसरी एजेंसी नहीं खुलेगी। उपाध्यक्ष जी, यह गंभीर मामला है। मैं आपके द्वारा यह जानना चाहता हूं कि सरकार कब दूसरी एजेंसियों को बहाल करेगी। वहां पर 26-27 लाख लोगों की आबादी है लेकिन जलाने के लिए कोई चीज नहीं है। जंगल नहीं है, लकड़ी नहीं है, जलावन की बहुत भयंकर समस्या है। वहां कैरोसीन तेल की कालाबाजारी हो रही है। मैं चाहता हूं कि पेट्रोलियम मिनिस्टर एक-दो एजेंसी शीघ्र ही खोलें जिससे लोगों को राहत मिले और कैरोसीन की कालाबाजारी रुक सके। धन्यवाद। ...(*Interruptions*)